a2zpapers.com

1720-II **SECOND TERMINAL EXAMINATION**

**CLASS – X**

**Time : 3 hrs.** **PAPER – HINDI** **M.M. : 85**

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अन्त में दिए गए किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

हम आम लोगों को कहते हुए सुनते है कि कोई व्यक्ति अच्छा है या बुरा इसकी पहचान उसकी संगति से होती है। यह स्वाभाविक ही है कि स्वभाव, आचार व्यवहार की दृष्टि से जैसा व्यक्ति खुद होगा, वैसा ही लोगों से वह मिलना जुलना पसंद करेगा। कौए कौओ से ही मिलकर बैठते है। कूंजे कूजों से ! केवल इतना ही नहीं, किसी का चरित्र बनाने या बिगाड़ने में भी संगति का बहुत बड़ा हाथ होता है। अगर कोई शराबियों के साभ उठता-बैठता है तो उसे शराब की बुराई चिपट जाएगी। हम प्रतिदिन कहते और सुनते है कि खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग पकड़ता है। इसलिए मनुष्य अपनी संगति के प्रभाव से कैसे बच सकता है। इस प्रकार साधु-संगति या सत्संग कहलाने का मान केवल उस संगत को होता है, जिसमें संत सतगुरु शामिल हों। यह महापुरुष दया और दयालुता के स्रोत होते है और वे अपनी शिक्षा दयालुता और दया भार से अनेक जीवों का कृतार्थ करते हैं। जहाँ ऐसे उपकारी पुरुष वास करते है उस स्थान की संगति परोपकार की भावना से भर जाती है। ऐसी साधु संगति से मन की मैल दूर हो जाता है। सारी सृष्टि के जीवों में ईश्वर कर ही नूर दिखाई देता है। विश्व-बंधुत्व की भावना बढ़ जाती है। अत: परमानंद प्राप्त करने के लिए अच्छे पुरुषों की संगति ही एकमात्र उपाय या साधन है। अत: सत्संग को अपनाना ही सही कदम है।

(1) उपरोक्त अवतंरण का उचित शीर्षक दीजिए।

(2) अच्छे या बुरे व्यक्ति की पहचान कैसे होती है ?

(3) व्यक्ति कैसे लोगों से मिलना जुलना पसंद करता है ?

(4) चरित्र निर्माण में कैसी संगति बाधक है ?

(5) मनुष्य के आचार व्यवहार पर अधिक प्रभाव किसका होता है ?

(6) सत्संगति कहलाने का मान किस संगति को प्राप्त है ?

(7) महापुरुषों की संगति में क्या लाभ प्राप्त होता है ?

(8) परमानन्द प्राप्त करने का एकमात्र उपाय क्या है ?

(9) मानव जीवन में सही कदम क्या है ?

(10) शराब पीने की गलत आदत कब चिपट जाती हैं ?

(11) मनुष्यों को कहाँ जाकर बैठना चाहिए ?

(12) सृष्टि के जीवों में किसका नूर दिखाई देता है ? $10 \times 1 = 10$

2. **अधोलिखित गद्यांश को पढ़कर अंत में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

जीवन घटनाओं का समूह है। यह संसार एक बहती नदी के समान है। इसमें बूंद न जाने किन-किन घटनाओं का सामना करती, जूझती आगे बढ़ती है। देखने में तो इस बूंद की हस्ती कोई नहीं। जीवन में कभी-2 घटनाएँ घट जाती है जो मनुष्य

www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
free old Question papers gndu, ptu hp board, pun
www.a2zpapers.com

a2zpapers.com



को असंभव से संभव की ओर ले जाती है। मनुष्य अपने आप को महान कार्य कर सकने में समर्थ समझने लगता है। मेरे जीवन में एक रोमांचकारी घटना है जिसे मैं सुनाना चाहता हूँ। यह घटना जीवन के सुख-दुख के मधुर मिलन की रोमांच लिए है।

(क) इस गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(ख) इस गद्यांश का एक तिहाई शब्दों में सार लिखिए।

(ग) यह संसार किस के समान है और जीवन में कभी-2 घटनाएं मनुष्य को कहाँ ले जाती है? 2+3+2=7

www.a2zpapers.com

## खण्ड—ख

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निबंध लिखिए।

(क) देवभूमि हिमाचल प्रदेश—(भूमिका, राज्य की स्थापना, अनेक देव स्थान, राजधानी, उन्नति के पथ पर, प्रसिद्ध मेले, फलों के बाग-वन, उपसंहार)।

(ख) मेरे जीवन का उद्देश्य—भूमिका, विभिन्न, लक्ष्य, अध्यापक के कार्य, उपसंहार।

(ग) मेरे सपनों का भारत—भूमिका, भौगोलिक स्थिति, औद्योगिक विकास, दर्शनीय स्थल, महापुरुषों की धरती, उपसंहार।

(घ) प्रदूषण की समस्या—भूमिका, प्रदूषण के प्रकार, हानियाँ रोकने के उपाय, उपसंहार। 7

4. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य जी को छात्रवृति के लिए आवेदन पत्र लिखिए।

या

अपने छोटे भाई को खर्चीले फैशन की होड़ छोड़कर परिश्रम करने की प्रेरणा देते हुए पत्र लिखिए। 4

## खंड—ग

5. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रिया के भेद लिखिए।

(क) शीला खाना पका रही है।

(ख) मालकिन नौकरानी से कपड़े धूलवाती है।

(ग) लड़कियाँ रोने लगी। 3

6. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त अव्यय छाँट कर लिखिए।

(क) रीना और नीना साथ-साथ गई।

(ख) मैं अभी आया!

(ग) परीक्षा भवन में इधर-उधर झांकना मना है। 3

7. निम्नलिखित रचना के आधार पर वाक्यों के भेद लिखिए।

(क) वह पढ़कर सो गया।

(ख) जब मोनिका आई तभी चली गई।

www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
free old Question papers gndu, ptu hp board, pun

a2zpapers.com



(ग) मैने उसे पढ़ाया और नौकरी दिलवाई। 3

8. **निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलकर लिखिए।**

(क) नेहा पतंग उड़ा रही है। (कर्मवाच्य में)

(ख) मैं उठ नहीं सकता। (भाववाच्य में)

(ग) राम से गीत गाया जाएंगा। (कर्त्तवाच्य में) 3

9. **निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास का नाम भी लिखिए।**

(क) त्रिलोकी प्रतिदिन।

(ख) गुरू और अंक के दो भिन्नार्थक शब्द लिखिए। 3

## खंड—घ

10. **निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

छाया मत छूना<br>
मन होगा दुख दूना।<br>
यश है या न वैभव है, मान है न सरसाया,<br>
जितना ही दौड़ा तू उतना ही भरमाया!<br>
प्रभुता का शरण-बिष केवल मृगतृष्णा है,<br>
हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा हे।<br>
जो है यथार्थ कठिन न उस का तू कर पूजन-

(क) दुख दुगुना क्यों लगने लगता है?

(ख) मृगतृष्णा क्या है?

(ग) भरमाया में निहित अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'यथार्थ कठिन' क्या है? $2 \times 3 = 6$

11. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) उद्धव के व्यवहार की तुलना किस-किस से की गई है?

(ख) बच्चे की मुस्कान और एक बड़े की मुस्कान में क्या अन्तर है?

(ग) फागुन में ऐसा क्या होता है, जो वांकी ऋतुओं से भिन्न होता है?

(घ) लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषताएँ बताई? $1 \times 4 = 4$

12. (क) कवि बादल से फुहार रिमझिम या बरसने के स्थान पर गरजने के लिए कहते है, क्यों?

(ख) कवि आत्म कथा लिखने से क्यों बचना चाहता है? $2 \times 2 = 4$

13. **निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो—**

नवाब साहब ने संतुष्ण आँखों से नमक-मिर्च के संयोग से चमकती खीरे की फॉकों की ओर देखा। खिड़की से बाहर देखकर दीर्घ विश्वास लिया। खीरे की एक

www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
free old Question papers gndu, ptu hp board, pun
www.a2zpapers.com

a2zpapers.com


फॉक उठाकर होंठो तक ले गए। फॉक को सूँघा। स्वाद के आनंद में पलके मुँद गई। मुँह में भर आए पानी को गले से नीचे उतार दिया। नवाब साहब खीरे की फॉकों को नाक के पास ले जाकर, बासना से रसास्वादन कर खिड़की के बाहर फैंकते गए।

(क) पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) 'सतृष्ण आँखों' से देखने का क्या तात्पर्य है?' यहाँ कौन ऐसा कर रहा है?

(ग) नवाब साहब ने खीरे की फॉक का क्या किया?

(घ) नवाब साहब ने खीरे का आनंद कैसे लिया? $2 \times 3 = 6$

14. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) भगत की पुत्रवधु उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी?

(ख) लेखक सेकंड क्लास के डिब्बे में यात्रा क्यों कर रहा था? लखनवी 'अंदाज' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'नेता जी का चश्मा' पाठ के आधार पर पान वाले का रेखा चित्र प्रस्तुत कीजिए।

(घ) लेखिका के व्यक्तित्व पर किन-किन व्यक्तियों का और किस रुप में प्रभाव पड़ा? $2 \times 3 = 6$

15. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) फादर की उपस्थिति देवदार की छाया जैसी क्यों लगती थी?

(ख) खेती-बारी से जुड़े बालगोबिन भगत अपनी किन चारित्रिक विशेषताओं के कारण साधु कहलाते है?

(ग) लेखक को नवाब साहब के किन हाव-भावों से महसूस हुआ कि वे बातचित करने के लिए तनिक भी उत्सुक नहीं है? $2 \times 3 = 6$

16. आज की पीढ़ी द्वारा प्रकृति के साथ किस तरह खिलवाड़ किया जा रहा है? इसे रोकने में आपकी क्या भूमिका होनी चाहिए? **या**

देश की सीमा पर बैठे फौजी किस तरह की कठिनाइयों से जूझते है? हमारा उनके प्रति क्या उत्तरदायित्व होना चाहिए? 4

17. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) गंतोक को 'मेहनतकश बादशाहों का शहर' क्यों कहा गया है?

(ख) 'एही ठैंया झुलनी हेरानी हो रामा' का प्रतिकार्य समझाइए।

(ग) कभी श्वेत तो कभी रंगीन पताकाओं का फहराना किन अलग-अलग अवसरों की ओर संकेत करता है?

(घ) 'और देखते ही देखते नई दिल्ली काया पलट होने लगा'—नई दिल्ली के काया पलट के लिए क्या-2 प्रयत्न किए गए होंगे? $2 \times 3 = 6$

www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
free old Question papers gndu, ptu hp board, pun
www.a2zpapers.com